प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

मशरूम उत्पादन पर उद्यमिता विकास कार्यक्रम का शुभारम्भ

पंतनगर। 07 अक्टूबर 2020। पंतनगर विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वित्तीय सहयोग से कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थियों हेतु उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत मशरूम उत्पादन तकनीकी पर दो सप्ताह का ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ कृषि महाविद्यालय में हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के मशरूम अनुसंधान निदेशालय, सोलन के निदेशक, डा. वी. पी. शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि वर्तमान परिपेक्ष्य में पोषण सुरक्षा एवं मशरूम आधारित रोजगार पूरक उद्यमिता कार्यक्रम इस समय की आवश्यकता है। डा. शर्मा ने कहा कि कोविड-19 के दौरान श्रमिकों के पलायन के पश्चात मशरूम आधारित उद्यम से रोजगार की सम्भावनाओं में बढ़ोत्तरी हो सकती है। कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डा. एस.के. कश्यप एवं निदेशक, सेवायोजन एवं परामर्श डा. आर. एस. जादौन ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इसे पूर्व कार्यक्रम समन्वयक, डा. ओमवीर सिंह ने अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम की रूप-रेखा बतायी। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष, उद्यान विज्ञान, डा. डी.सी. डिमरी; मशरूम अनुसंधान केन्द्र के संयुक्त निदेशक, डा. के.पी.एस. कुशवाहा; संकाय सदस्य एवं कृषि महाविद्यालय के लगभग 90 विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अन्त में उप समन्वयक, डा. एस. के. मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कुलपति डा. तेज प्रताप एवं डा. जादौन ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सभी विद्यार्थियों से प्रतिभाग करने का आहवान किया।